जवाब-तलब | प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन और संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से शपथपत्र पर मांगा जवाब

# मास्टर प्लान लागू करने की देरी पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** जबलपुर का नया मास्टर प्लान लागू करने में हो रही देरी पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे व न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की युगलपीठ ने प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग व संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से शपथ पत्र पर जवाब मांगा है। अधिकारियों को बताना होगा कि 31 जनवरी, 2026 को नया मास्टर प्लान लागू करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने के बाद अब तक क्या कार्रवाई की गई और मास्टर प्लान कब तक प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। मामले में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से डा. पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जबलपुर का मास्टर प्लान वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है, लेकिन



अब तक नया मास्टर प्लान लागू नहीं किया गया। वर्ष 2014 में जबलपुर शहर की सीमा में 62 नए गांव शामिल किए गए थे। इन क्षेत्रों के लिए भी नया मास्टर प्लान लागू नहीं होने से नागरिकों को परेशानी हो रही है। याचिका में कहा गया कि इससे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और लोग अपने निजी मकान के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर भी परेशान हैं।

### 25 फरवरी को पेश की थी अनुपालन रिपोर्ट

पूर्व में हाईकोर्ट ने शासन को मास्टर प्लान की प्रक्रिया की प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। इसके पालन में शासन की ओर से 25 फरवरी 2025 को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि अनुपालन रिपोर्ट की कंडिका 23 में मास्टर प्लान शीघ्र लागू किए जाने की बात कही गई थी।

### 31 जनवरी के पत्र के बाद भी नहीं हुई ठोस कार्रवाई

अधिवक्ता उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि 31 जनवरी 2026 को ज्वाइंट डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, जबलपुर ने पत्र जारी कर बताया था कि मास्टर प्लान का प्रारूप तैयार हो चुका है और उसे शासन की स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसके बाद भी करीब आठ माह बीत चुके हैं, लेकिन मास्टर प्लान के प्रकाशन और लागू करने की दिशा में स्थिति स्पष्ट नहीं है। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने अधिकारियों से यह स्पष्ट करने को कहा कि आखिर मास्टर प्लान कब तक लागू किया जाएगा। कोर्ट ने प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा संचालक नगर तथा ग्राम निवेश को दो सप्ताह में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### रज्जाक गैंग से जुड़े शरदचंद जाट को अग्रिम जमानत नहीं

अब्दुल रज्जाक गैंग से जुड़े शरदचंद जाट की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश विवेक पाठक की अदालत ने खारिज कर दी। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि ओमती थाने में अजय पटेल की शिकायत पर शरदचंद जाट पिता काकीलाल जाट, निवासी कंजड़ मोहल्ला, थाना बेलबाग के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना, वसूली, धमकी सहित अन्य धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज है। आरोपी प्रकरण दर्ज होने के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित है। अदालत ने मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# नगर निगम को नंबर-1 की ट्राफी देने पहुंची युवा कांग्रेस




**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर शहर की जर्जर, टूटी एवं खस्ताहाल सड़कों की स्थिति को लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा गुरुवार को नगर निगम जबलपुर के खिलाफ अनोखे और व्यंग्यात्मक अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नगर निगम जबलपुर को 'मध्यप्रदेश में खस्ताहाल सड़कों के लिए प्रथम स्थान' की प्रतीकात्मक ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिवद्वय सागर शुक्ला एवं अदनान अंसारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस ने काफी देर महापौर कार्यकाल के बाहर बैठ कर नारेबाजी की जब कोई भी अधिकारी कर्मचारी सम्मान पत्र एवं ट्रॉफी ग्रहण करने के लिए नगर निगम की ओर आगे नहीं आया तो कार्यकर्ताओं के द्वारा महापौर का मुखौटा पहनाकर प्रतीकात्मक रूप से ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र सौंपा गया इस दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर की अनेक प्रमुख सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों तक सड़कें गड्ढों, उखड़े डामर और बिखरी गिट्टी की समस्या से जूझ रही हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सागर शुक्ला, अदनान अंसारी, रिजवान अली कोटी, सोनू कुकरेल बादल पंजवानी, प्रियंका केशरवानी, उवेश अंसारी, अभियुक्त बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ सिंह, प्रतीक गौतम, शफी खान सहित अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रीवा-इंदौर के बीच 12 स्पेशल ट्रेन सेवाएं

**जबलपुर।** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल ने रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा साप्ताहिक स्पेशल की 12 सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही त्योहारों में पश्चिम मध्य रेल से कुल 66 स्पेशल ट्रेन सेवाएं संचालित होंगी। गाड़ी 01710 रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल 10 अक्टूबर से 14 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार रात 10.50 बजे रीवा से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 3.05 बजे डॉ. अंबेडकर नगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी 01709 डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा स्पेशल 11 अक्टूबर से 15 नवंबर तक प्रत्येक रविवार रात 9.20 बजे चलेगी और अगले दिन दोपहर 2.30 बजे रीवा पहुंचेगी।

# रेल मजदूर संघ का संरक्षा सम्मेलन, सिग्नल उल्लंघन पर मंथन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में गुरुवार को उमंग सामुदायिक भवन, मंडल रेल प्रबंधक परिसर में खतरे के संकेत पर सिग्नल पार करने के विषय पर विशाल संरक्षा सम्मेलन आयोजित हुआ। महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में हुए सम्मेलन का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय, मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरमुखी, मुख्य अभियंता आशुतोष, मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार, मुख्य विद्युत अभियंता मुकेश, मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक नीरज कुमार, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ए.के. रजक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, मुख्य विद्युत लोको अभियंता सुरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जबलपुर मंडल अध्यक्ष संतोष यादव और मंडल सचिव एस.एन. शुक्ला सहित संघ पदाधिकारी मौजूद रहे। महामंत्री अशोक शर्मा ने अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि संघ सुरक्षित एवं सुचारू रेल संचालन के साथ कर्मचारियों के हितों के बीच बेहतर समन्वय के लिए कार्य कर रहा है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सम्मेलन की सराहना करते हुए रनिंग कर्मचारियों की भूमिका को अहम बताया और संरक्षा को दैनिक कार्य का अनिवार्य हिस्सा बनाने पर जोर दिया। संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को संरक्षा से जोड़ते हुए रनिंग स्टाफ से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।

### साझा किए विचार

सम्मेलन में जबलपुर, भोपाल और कोटा के सैकड़ों लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन प्रबंधक शामिल हुए तथा सिग्नल उल्लंघन सहित रेल संरक्षा से जुड़े विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप परसाई ने किया। सम्मेलन में सतीश कुमार, हर्ष वर्मा, संतोष त्रिवेणी, एस.के. सिंह, आनंद यादव, मो. शमशाद, मुकेश मिश्रा, अनिल कौरव, मंतोष कुमार, सविता त्रिपाठी, दीपिका सोनी, आर.ए. सिंह, रोशन सिंह यादव, बॉबी धौलपुरी, भूपत सिंह, देवी सिंह, सुनील जाट, अफजल हाशमी, संजय चौधरी, सुधीर कुमार, आर.के. शर्मा, महेंद्र खींची, तरुण वत्रा, शरद यादव और श्रवण सिंह समेत बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# फील्ड ऑफिसर के खाते से उड़े 1.53 लाख

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत छोटे साई मंदिर के पास रहने वाले पशु पालन व डेयरी विभाग में पदस्थ फील्ड ऑफिसर के खाते से साइबर ठग ने 1.53 लाख रूपए उड़ा लिए।

पुलिस के मुताबिक गुरूवार को राधा मार्को 51 वर्ष निवासी छोटे साई मंदिर के पास जवाहरनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पशु पालन व डेयरी विभाग में असिस्टेंट फील्ड ऑफिसर के पद पर पदस्थ है। उसके पास लगातार 4 मैसेज प्राप्त हुये जिससे उसके क्रेडिट कार्ड से ट्रांजेक्शन आईडी से कुल 1 लाख 53 हजार 280 रूपये ट्रांसफर हुये हैं उसने बैंक से ट्रांजेक्शन के संबंध में बताया। कार्ड ब्लाक करवाया। अज्ञात द्वारा उसके क्रेडिट कार्ड से बेईमानी पूर्वक धोखाधड़ी करते हुये कुल 1 लाख 53 हजार 280 रूपये उसके खाते से ट्रांजेक्शन कर लिये हैं।


### कटनी से जबलपुर आ रही महिला के उड़ाए लाखों के जेवर

**जबलपुर।** कटनी से जबलपुर मायके आई एक महिला के लाखों के जेवर ऑटो में सफर के दौरान चोरी हो गए। हनुमानताल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता हेमलता सतनामी (34) निवासी कटनी, ट्रेन से जबलपुर स्टेशन पहुँची थीं। वहाँ से सिंधी कैम्प जाने के लिए वे एक नीले रंग के ऑटो में बैठीं, जिसमें पहले से सफेद कपड़े और टोपी पहने एक युवक सवार था। ऑटो चालक ने रास्ता बंद होने का बहाना बनाकर ऑटो को शीतलामाई-प्रेमसागर रूट से घुमाया और महिला को सिंधी कैम्प उतारा। घर में जब उन्होंने पर्स खोला, तो उसमें रखे सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, झुमके, टॉप्स, एक हीरे की अंगूठी और चांदी की पायल गायब थे। पुलिस हुलिए के आधार पर संदेही सह यात्री और ऑटो चालक की तलाश के लिए रूट के फुटेज फुटेज खंगाल रही है।

कार्रवाई | आईआईआईटीडीएम के ऊपर नगर निगम ने लगाया 1 लाख का अर्थदंड

# डुमना नेचर पार्क में अब नहीं बहेगा गंदा पानी

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर और प्रमुख वन्यजीव आश्रय स्थल 'डुमना नेचर पार्क' की जैव विविधता व पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान परिसर से डुमना नेचर पार्क क्षेत्र में पानी बहने की शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीम द्वारा गुरूवार को निरीक्षण किया गया और तत्काल संस्था के ऊपर 1 लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया।



जानकारी के अनुसार निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम के जल विभाग, अमृत योजना, सीवेज शाखा, स्वास्थ्य विभाग और उद्यान विभाग की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान के डिप्टी रजिस्ट्रार, सिक्योरिटी ऑफिसर, हॉस्टल वार्डन एवं सिविल इंजीनियर्स की मौजूदगी में दोनों परिसरों की भौगोलिक व जल निकासी व्यवस्था की गहन पड़ताल की गई। संवेदनशील वन क्षेत्र में गंदे पानी के बहाव को पूर्णत: रोकने के लिए नगर निगम स्वास्थ्य शाखा द्वारा संस्थान पर 1 लाख का चालान अधिरोपित किया गया। साथ ही प्रशासनिक समन्वय से मौके पर ही ड्रेनेज व्यवस्था के सुधार कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू करवा दिए गए।

### अत्याधुनिक एसटीपी प्लांट और वैज्ञानिक निस्तारण के निर्देश

पर्यावरण संरक्षण को स्थायी बनाने के लिए नगर निगम ने संस्थान को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं जल प्रदूषण निवारण अधिनियम के तहत समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत परिसर में शत-प्रतिशत सीवेज के वैज्ञानिक शोधन हेतु आधुनिक क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' प्रणाली लागू हो सके।

### डुमना की प्राकृतिक सुंदरता रहेगी कायम

नगर निगम की इस त्वरित पहल से डुमना के भूजल स्रोतों, दुर्लभ वनस्पतियों और वन्यजीवों को प्रदूषण के संभावित खतरे से सुरक्षा मिलेगी। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की हरित धरोहरों और पर्यावरण संतुलन के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से आदि उपस्थित रहे।

अमर बलिदानी
राजा शंकर शाह
कुंवर रघुनाथ शाह
को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का शत-शत नमन
बलिदान दिवस समारोह





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
18 सितम्बर 2026 | जबलपुर

"अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह का अदम्य साहस और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान हमें सदैव स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय गौरव को संजोते हुए प्रदेश के लिए संकल्पित है।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11117/26
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026